वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय, जौनपुर

प्रेषकः—

परीक्षा नियंत्रक,
वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय
जौनपुर।

पत्रांकः—2828/परीक्षा/2025

दिनांक : 28.01.2025

सेवा में,

समस्त प्राचार्य/प्राचार्या
सम्बद्ध महाविद्यालय,
वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय,
जौनपुर।

विषय— **प्रदेश के उच्च शिक्षण संस्थानों में पंजीकृत समस्त विद्यार्थियों की ABC/APAAR ID (Academic Bank of Credit/Automated Permanent Academic Account Registry ID)** बनाये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषय के सम्बन्ध में आपको अवगत कराना है कि विश्वविद्यालय से सम्बद्ध समस्त महाविद्यालयों के एन0ई0पी0—2020 के अन्तर्गत संचालित पाठ्यक्रमों के परीक्षाफार्म में छात्र द्वारा **ABC ID** भरने का प्रबन्ध किया गया था, जिसमें कुछ छात्रों द्वारा **ABC ID** गलत भर दिया गया अथवा नहीं भरे गये।

ABC ID के पोर्टल पर **ABC ID** सामूहिक रुप से क्रियेट करने हेतु सुविधा उपलब्ध थी, जिसमें डाटा फीड कर सामूहिक रुप से **ABC ID** क्रियेट किया गया, जिसमें अद्यतन 280484 विद्यार्थियों के **ABC ID** क्रियेट हो गये है। लगभग 31176 छात्रों का मोबाईल नं0/आधार नम्बर गलत होने से उनका डेटा फेल हो गया। ऐसे छात्रों को स्वयं **ABC ID** क्रियेट करने हेतु छात्रों/महाविद्यालयों को निर्देश दे दिये गये है एवं विश्वविद्यालय के वेबसाइट पर उनकी सूची एवं **ABC ID** क्रियेट करने हेतु लिंक उपलब्ध करा दिया गया है, जिससे छात्र अपना **ABC ID** स्वयं अपडेट कर सके।

अतः महोदय उपर्युक्त सूचना से अवगत होते हुए अपने महाविद्यालय के छात्र/छात्राओं को भी उक्त सूचना से अवगत कराने की कृपा करें।

भवदीय

डा0(विनोद कुमार सिंह)
परीक्षा नियंत्रक